>

Title: Need to clean the Godavari river -laid.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): गोदावरी नदी महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी हैI गोदावरी नदी की उत्पत्ति हमारे नाशिक जिले के त्र्यंबकेश्वर से होती है और इस नदी का बड़ा ही धार्मिक महत्व हैI लेकिन जल प्रदूषण की वजह से गोदावरी की हालत गंभीर है I आज नदी जलकुंभी से घिरी हैI कंपनियों द्वारा केमिकलयुक्त पानी छोड़ा जाता है और लोगो द्वारा नदी में कचरा डाला जाता है जिससे इसका पानी पीने योग्य भी नही रहता और त्वचा संबंधी रोग आदि बीमारी होने का भी डर रहता हैI कुछ जगह पर पानी मे दुर्गंध भी महसूस होती हैI साथ ही साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के निफाड तहसील में नांदूर मध्यमेश्वर के पक्षी अभ्यारण्य मे बडी मात्रा मे विभिन्न् प्रजाति के पक्षी आते है किन्तु वहां पर भी जल प्रदूषण के कारण पक्षियों को हानि होने की संभावना हैI मेरा अनुरोध है कि गंगा नदी की तरह हमारी इस गोदावरी नदी को स्वच्छ करने के लिये केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जल्दी ही काम शुरू किया जाए I